# सूअर फ़ार्म में अफ़्रीकी स्वाइन बुखारवायरस के सुरक्षात्मक उपाय

## सूअर फार्म में सुरक्षात्मक उपायों का उद्देश्य

① **अफ्रीकी स्वाइन बुखार** वायरस **वाहक, वाहन, माल** औ **रलोगों के** माध्यम से खेत मेंप्रवेश करता **है** ।

② **वायरस को** कैरियर, वाहनों, माल और लोगों के ज़रिये अंदर **आने से रोकने** के लिए फार्म को इस सोच के साथ **अत्याधिक सुरक्षित** रखना ज़रूरी है कि **"मैं अपने फार्म का/की रक्षक हूँ।"**

## 1. फार्म के चारों तरफ (कैरियर, वाहन उपकरण, लोग)




फार्म के बाहर एक मज़बूत बाड़ा लगाएँ और जानवर के बाड़े की सीमा रेखा के साथ-साथ समान रूप से जंगली जानवर निरोधक का इस्तेमाल करें।
* बाड़ों को फार्म के नज़दीक और उसके चारोंतरफ 1.5 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पर लगया जाता है




फार्म की सीमा रेखा पर अनबूझे चूने को एक 50cm से ज़्यादा चौड़ी पट्टी बनाते हुए डालें और समय-समय पर फार्म के ड्राइववे को कीटाणुरहित करते रहें।




अगर कोई जंगली सूअर (या उसका मृत शरीर या मल) फार्म के आस पास पाया जाए, तो तुरंत उसकी सूचना पर्यावरण मंत्रालय या महामारी रोकथाम विभाग को दें।




ऐसे स्थानों (खेती की ज़मीन) में उगाई गई फसलें और भूसा अंदर न लाएँ जहाँ खेतों में जंगली सूअर भटकते रहते हैं।




फार्म के अंदर ऐसे उपकरण (ट्रैक्टर, कल्टिवेटर, आदि) लेकर न आएँ जिनका इस्तेमाल फार्म के बाहर किया गया है।




फार्म में मवेशी वाहनों का प्रवेश यथासंभव कम होना चाहिए।
- वाहन के पहियों पर मिट्टी और वाहनों के निचले हिस्से में लगी मिट्टी जैसे जैविक पदार्थों को कीटाणुरहित करें और साधारण स्टरलाइज़र का उपयोग कर चालक की सीट को भी कीटाणुरहित करें।




फार्मकेआसपासकीजगहोंकी सफाई करें, रोज़ काम के कपड़ों, टोपियों और जूतों को जीवाणुरहित करें और हर 2-3 दिन में उनकी पूरी तरह से धुलाई करें।
* बाड़ों के आसपास के उन परिवेशों की लगातार रख-रखाव करें जो संदूषित हो सकते हैं (कूड़े के ढेर, दलदली ज़मीन, झाड़ियाँ, आदि) ताकि मच्छरों का पैदा होना रोका जा सके और नियमित रूप से खर-पतवार हटाते रहें।




चिकित्सा सेवाओं की आवश्यकता वाले मामलों को छोड़कर बाहरी लोगों को प्रवेश करने से रोकें।
* फार्म के अंदर शिकारियों और किसानों के प्रवेश पर कड़ाई से रोक लगाएँ।।
* प्रवेश द्वार के खुलने और बन्द करने को बहुत अच्छी तरह प्रबंधित करें, और फार्म के मुख्य प्रवेश द्वार को छोड़कर बाकी सभी प्रवेश द्वारों को पूरी तरह से बंद कर दें।




फार्म के अधिकारियों को शिकार से ज़ुड़ी गतिविधियाँ या पर्वतारोहण नहीं करना चाहिए।
* जंगली जानवरों के निवास स्थान, तालाबों या उन खेतों में न जाएँ जहाँ जंगली सूअर भटकते रहते हैं।

농림축산식품부
Ministry of Agriculture, Food and Rural Affairs

Livestock Health Control Association
가축위생방역지원본부

## 2. फार्म के अंदर (कैरियर, वाहन उपकरण, लोग)




फार्म के अंदर की जगहों को साफ़ रखें और समय-समय पर कम्पोस्ट, आहार भंडारण सुविधाओं (फीडबिन) और शिपिंग इकाईओं इत्यादि की सफ़ाई और जीवाणुनाशन करें।




फार्म में ऐसे तत्वों को (आहार, बचा-खुचा सामान, भूसी, घास वाला कूड़ा, आदि) छोड़ना वर्जित है जो ज़मीनी और हवाई जंगली जानवरों के लिए संभावित भोजन बन सकते हैं।




फार्म पर किसी भी तरह का शव, गर्भपात हुए जानवरों के भ्रूण  या अपरा, आदि को बिना ध्यान गए न छोड़ें  या उन्हें खाद (कम्पोस्ट) शेड में छोड़ दें।

* शवों को सुरक्षित रूप से हटाने और महामरियों को रोकने के लिए, शव हटाने वाले यंत्र  या किसी कंपनी की सेवाएं लें।




फार्म के अंदर गड्ढों और दरारों के चारों तरफ तार के बाड़े लगायें और कम्पोस्टशेड, आहार भंडारण,  वेयर हाउस और भूसी भंडारण वेयर हाउस के चारों तरफ पक्षियों कोरोकने वाले तार के बाड़े लगाएँ।




फार्म पर पाले गए जानवरों (कुत्ते, बिल्लियाँ, आदि) को इधर-उधर घूमने न दें और उन्हें फार्म पर निर्दिष्ट जगहों पर बाँधकर रखें।

* प्रवेश द्वार के खुलने और बंद करने को बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित करें ताकि उन्हें फार्म से बाहर जाने से रोक सकें।




फार्म पर इस्तेमाल होने वाले उपकरणों जैसे स्की लोडर को हर रोज़ साफ़ और कीटाणुरहित करें और उन्हें फार्म की भंडारण सुविधाओं में भंडारित करें।

* भंडारित करते समय उन्हें हमेशा अल्ट्रावायलेट लाइट (यूवी) के इस्तेमाल से कीटाणुरहित और जीवाणुरहित करें।




सुविधा में एक निजी कीटाणुनाशन सुविधा और फार्म के प्रवेश द्वार पर एक फुट होल्ड कीटाणुनाशन चेम्बर भी होना चाहिए ताकि पूरी तरह से कीटाणुनाशन हो सके और साथ ही, प्रवेश करने वाले लोगों का रिकॉर्ड बनाए रखें।




फार्मकेप्रवेश द्वार पर एक रोग रोकथाम कक्ष होना चाहिए ताकि प्रवेश करने वाले लोगों को पूरी तरह से कीटाणुरहित किया जा सके।

* प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को पहले शावर लेना चाहिए या कीटाणुरहित होना चाहिए/ कपडे (जूते) बदलने चाहिए, और उसके बाद ही उन्हें फार्म पर गतिविधियाँ करनी चाहिए।

**1588-9060**
**1588-4060**

## 3. जानवारों के बाडे के अंदर (कैरियर, माल, लोग)




जानवरों के बाड़े को अंदर से समय-समय पर पूरी तरह से साफ़ और कीटाणु रहित करें।




जानवरों के बाड़े में दरारों को भर दें और जालियाँ और कीड़ों को रोकने वाली जालियाँ लगाकर कीड़ों, चूहों और मक्खियों को अंदर आने से रोकें।

- कीड़ों, पक्षियों, आदि को झरोखे और खिड़कियों से अंदर आने से रोकने के लिए कीड़ों को रोकने वाली जालियाँ लगाएँ।

* चूहों और मक्खियों को ख़तम करने के लिए फ्लाईपेपर, माउस ट्रैप, पेस्ट लैम्प और ऐन्थेल्मिंटिक्स और कीट निरोधक लगाएँ।




नए सूअरों और पशुओं को अलग-अलग संगरोध बाड़ों और बारीक निगरानी में तब तक रखा जाना चाहिए, जब तक कि उन्हें दूसरे सुअर फार्म में नहीं ले जाया जाता।




सूअरों के सीधे संपर्क में आने वाली वस्तुओं (सिरिंज, कृत्रिम गर्भधारण के औज़ार, नोज़ल, आदि) को समय-समय पर साफ़ और कीटाणुरहित करना चाहिए और उन्हें बाहर ले जाए बिना अंदरूनी भंडारण में भंडारित करना चाहिए।




बाड़े के प्रवेश द्वार पर एक आगे का कमरा बनाएँ जहाँ लोग अपने जूते और कपड़े बदल सकें, और वह काम के लिए नियत कपड़े और जूते ज़रूर पहनें और अपने हाथ अचे से ज़रूर धोयें।

농림축산식품부
Ministry of Agriculture, Food and Rural Affairs

Livestock Health Control Association
가축위생방역지원본부